O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Half Yearly Examination (2026 – 2027)

Class : XII **MM: 50**

Subject: Hindi Core(Code 302) **Time: 2:00 Hrs**

Name: _____ Roll No.:_____

(Fifteen Minutes Extra will be given for reading the Question Paper.)

सामान्य निर्देश:

1 इस प्रश्न–पत्र में तीन खण्ड है–'क' , 'ख' और 'ग'।

2 खण्ड'क' में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे जाएँगे। सभी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।

3- खण्ड'ख' में अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्य–पुस्तक के आधार पर प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए जाएँगे।

4 खण्ड'ग' में आरोह भाग–2 और वितान भाग–2 पाठ्य–पुस्तक के आधार पर प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए जाएँगे।

5 यथासंभव तीनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

खण्ड 'क' (अपठित बोध)

प्र01 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (6)

दुनिया शायद अभी तक के सबसे बड़े संकट से जूझ रही है। वर्तमान समय की इस महामारी ने हर किसी के जीवन में हलचल मचा दी है। इस महामारी ने जीवन की सहजता को पूरी तरह से बाधित कर दिया है। भारत में इतनी अधिक आबादी है कि इसमें किसी नियम-कायदे को पूरी तरह से अमल में लाना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है।

इस महामारी के संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से पूर्ण बंदी लागू की गई और इसे कमोबेश कामयाबी के साथ अमल में भी लाया गया। परंतु यह भी सच है कि जिस महामारी से हम जूझ रहे हैं, उससे लड़ने में मुख्य रूप से हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता की बड़ी भूमिका है, लेकिन सबसे बड़ी चिंता बच्चों और बुजुर्गों की होती है।

इस मामले में अधिकतर नागरिकों ने जागरूकता और सहज बोध की वजह से अनेक सावधानियाँ बरती हैं, लेकिन इसके समानांतर अन्य कई समस्याएँ खड़ी हुई हैं; जैसे-आर्थिक गतिविधियाँ जिस प्रकार बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, उसने बहुत सारे लोगों के सामने संकट और ऊहापोह की स्थिति उत्पन्न कर दी है।

एक तरफ नौकरी और उसकी तनख्वाह पर निर्भर लोगों की लाचारी यह है कि जहाँ उन्हें यह आश्वासन दिया गया था कि उन्हें नौकरी से नहीं निकाला जाएगा, वेतन नहीं रोका जाएगा, वहीं उनके साथ हुआ उल्टा। नौकरी गई, कई जगहों पर तनख्वाह नहीं मिली या कटौती की गई और किराये के घर तक छोड़ने की नौबत आ गई। इस महामारी का दूसरा असर शिक्षा जगत पर भी पड़ा है, उसका तार्किक समाधान कैसे होगा, यह लोगों के लिए समझना मुश्किल हो रहा है। विशेष तौर पर, स्कूली शिक्षा पूरी तरह से बाधित होती दिख रही है। फिर भी इसमें किए गए वैकल्पिक इंतजामों की वजह से स्कूल भले बंद हों, लेकिन शिक्षा जारी रखने की कोशिश की गई है।

स्कूल बंद होने पर बहुत सारे शिक्षकों की वेतन की चिंता प्राथमिक नहीं थी, बच्चों के भविष्य की चिंता उन्हें सता रही है। हालाँकि एक ओर, एक बड़ी संख्या उन बच्चों की है, जो लैपटॉप या स्मार्ट फोन के साथ जीते हैं, लेकिन दूसरी ओर बहुत सारे शिक्षक ऐसे भी हैं, जिन्हें कंप्यूटर चलाना ही नहीं आता। उन सबके सामने चुनौती है- ऑनलाइन कक्षाएँ लेने की, परंतु उन्होंने हार नहीं मानी और तकनीक को खुले दिल से सीखा। इस तरह फिलहाल जो परिस्थिति है, उसमें पढ़ाई-लिखाई को जारी रखने की पूरी कोशिश की जा रही है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

i) महामारी के समय शिक्षकों का समर्पण किसके प्रतीक के रूप में उभरता है ? (1)

(क) साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा (ख) भय और असमर्थता

(ग) आलस्य और लाचारी (घ) स्वार्थ और उदासीनता

II) "उन्होंने हार नहीं मानी और तकनीक को खुले दिल से सीखा।" इस पंक्ति से हमें पता चलता है कि - (1)

(क) शिक्षक तकनीकी ज्ञान से डरते हैं। (ख) शिक्षकों में सीखने की जिज्ञासा और दृढ़ संकल्प है।

(ग) शिक्षक केवल वेतन की चिंता करते हैं। (घ) शिक्षक ऑनलाइन पढ़ाई के विरोधी हैं।

III) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए - (1)

1. महामारी ने जीवन की सहजता को बाधित कर दिया।
2. भारत में नियमों का पालन करना कठिन था।
3. शिक्षकों ने तकनीक अपनाने से इंकार कर दिया।
4. बच्चों के भविष्य की चिंता शिक्षकों को थी।

उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार कौन-से कथन सही हैं?

(क) 1 और 2 (ख) 3 और 4

(ग) 1, 2 और 4 (घ) 2, 3 और 4

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

IV) पूर्ण बंदी लागू करने का क्या उद्देश्य था ? (1)

लघूत्तरात्मक प्रश्न

V) महामारी काल में शिक्षा व्यवस्था को किस प्रकार जारी रखा गया ? (2)

प्र02 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5)

मैं हूँ उनके साथ खड़ी
जो सीधी रखते अपनी रीढ़।
कभी नहीं जो तज सकते हैं
अपना न्यायोचित अधिकार
कभी नहीं जो सह सकते हैं
शीश नवाकर अत्याचार नहीं
एक अकेले हों या उनके
साथ खड़ी हो भारी भीड़
मैं हूँ उनके साथ खड़ी
जो सीधी रखते अपनी रीढ़।
निर्भय हो घोषित करते
जो अपने उद्‌गार-विचार
जिनकी जिहवा पर होता है
उनके अंतर का अंगार
जिन्हें चुप कर सकती है
आततायियों की शमशीर
मैं हूँ उनके साथ खड़ी,
जो सीधी रखते अपनी रीढ़।

बहुविकल्पीय प्रश्न

i). कविता में 'सीधी रीढ़ रखने वाले' शब्द किसकी और संकेत कर रहे हैं ? (1)

(क) धार्मिक अनुयायी (ख) राजा और शासक

(ग) मौन रहने वाले लोग (घ) निर्भीक और न्यायप्रिय व्यक्ति

II.) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (1)
कथन (A) कवयित्री सीधी रीढ़ रखने वालों का साथ देती है ?
कारण (R) सीधी रीढ़ रखने वाले लोग अपनी बात को सीधी व स्पष्ट कहते हैं।

कूट

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R),कथन (A) की सही व्याख्या है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R),कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ग) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(घ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

III) 'कभी नहीं जो सह सकते हैं शीश नवाकर अत्याचार' पंक्ति का निहितार्थ क्या है ? (1)

(क) वे लोग, जो दूसरों की बात मानते हैं। (ख) वे लोग, जो समाज से दूर रहते हैं।

(ग) वे लोग, जो अन्याय का विरोध करते हैं। (घ) वे लोग, जो धर्म के अनुयायी हैं।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

IV) कवि के अनुसार, अपने विचारों को किस प्रकार अभिव्यक्त करना चाहिए ? (2)

खण्ड 'ख' (अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक के आधार पर)

प्र03 निम्नलिखित में से किसी एक अप्रत्याशित विषय पर लगभग 100 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए– (5)

(क) शिक्षा के क्षेत्र में ए आई के बढ़ते चरण

(ख) मित्रों के साथ स्टेडियम में मैच देखने का आनंद

(ग) परीक्षा के दिनों की घबराहट

प्र04 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए – (2X2=4)

(क) पत्रकार कितने प्रकार के होते हैं और पूर्णकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ?

(ख) खोजी पत्रकारिता से आप क्या समझते है ?

(ग) विशेष लेखन की भाषा शैली सामन्य लेखन से अलग कैसे है ?

प्र05 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किसीं एक प्रश्न के लगभग 80 शब्दों में उत्तर दीजिए– (4X1=4)

(क) मुद्रित और प्रिंट माध्यम से आप क्या समझते हैं ? इसकी किन्हीं तीन विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ख) समाचार लेखन की सबसे लोकप्रिय, उपयोगी और बुनियादी शैली कौन–सी है ? इसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

खण्ड 'ग' (पाठ्य–पुस्तक आरोह भाग–2 वितान भाग–2 के आधार पर)

प्र06 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए – (1X4=4)

मैं निज उर के उद्‌गार लिए फिरता हूँ,
मैं निज उर के उपहार लिए फिरता हूँ;
है यह अपूर्ण संसार न मुझको भाता,
मैं स्वप्नों का संसार लिए फिरता हूँ!
मैं जला हृदय में अग्नि, दहा करता हूँ,
सुख-दुःख दोनों में मग्न रहा करता हूँ;
जग भव-सागर तरने को नाव बनाए,
मैं भव मौजों पर मस्त बहा करता हूँ!

(क) कविता के अनुसार 'अग्नि' किसका प्रतीक है ?

(i) क्रोध (ii) भक्ति

(iii) पीड़ा (iv) तीव्र वेदना

(ख) कवि को संसार प्रिय क्यों नहीं है ?

(i) संसार के अपरिवर्तित रूप के कारण (ii) संसार की पूर्णता के कारण

(iii) संसार की असमान स्थिति के कारण (iv) संसार की अपूर्णता के कारण

(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

कथन (A) कवि के हृदय में अग्नि दहक रही है।

कारण (R) हृदय में प्रेम की अग्नि में कवि स्वयं ही जला करता है।

कूट

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(घ) सुमेलित कीजिए-

सूची 1	सूची II
A.निज उर	1.प्रेम की आग में जलना
B.उद्गार	2.भावनाएँ/विचार
C. दहा करना	3.अपनी छाती/हृदय

कूट

A B C	A B C
(i) 2 1 3	(ii) 3 2 1
(iii) 3 1 2	(iv) 2 3 1

प्र07 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए– **(3X1=3)**

(क) सबसे तेज़ बौछारों के साथ भादों के बीत जाने के बाद प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण 'पतंग' कविता के आधार पर अपने शब्दों में कीजिए।

(ख) 'कवितावली' के आधार पर पुष्टि कीजिए कि तुलसी को अपने समय की आर्थिक-सामाजिक समस्याओं की जानकारी थी।

प्र08 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए– **(2X2=4)**

(क) किशोर और युवा वर्ग समाज के मार्गदर्शक हैं। 'पतंग' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) शारीरिक चुनौती को झेलते व्यक्ति को कैमरे पर सवाल पूछना मीडियाकर्मियों की किस कमी को दर्शाता है ? 'कैमरे में बंद अपाहिज'कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

(ग) कुंभकरण ने रावण को किस सच्चाई का आईना दिखाया ? 'लक्ष्मण मूर्च्छा और राम का विलाप' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्र09 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए – **(1X4=4)**

पड़ोस में एक महानुभाव रहते हैं, जिनको लोग भगत जी कहते हैं। चूरन (चूर्ण) बेचते हैं। यह काम करते, जाने उन्हें कितने बरस हो गए हैं, लेकिन किसी एक भी दिन चूरन से उन्होंने छः आने से ज्यादा पैसे नहीं कमाए। चूरन उनका आस-पास सरनाम है और खुद खूब लोकप्रिय हैं। कहीं व्यवसाय का गुर पकड़ लेते और उस पर चलते तो आज खुशहाल क्या, मालामाल होते ! क्या कुछ उनके पास न होता! इधर दस वर्षों से मैं देख रहा हूँ, उनका चूरन हाथों-हाथ बिक जाता है पर वह न उसे थोक में देते हैं, न व्यापारियों को बेचते हैं।

पेशगी ऑर्डर कोई नहीं लेते। बँधे वक्त पर अपनी चूरन की पेटी लेकर घर से बाहर हुए नहीं कि देखते-देखते छः आने की कमाई उनकी हो जाती है। लोग उनका चूरन लेने को उत्सुक जो रहते हैं। चूरन से भी अधिक शायद वह भगत जी के प्रति अपनी सद्भावना का देय देने को उत्सुक रहते हैं पर छः आने पूरे हुए नहीं कि भगत जी बाकी चूरन बालकों को मुफ़्त बाँट देते हैं। कभी ऐसा नहीं हुआ कि कोई उन्हें पच्चीसवाँ पैसा भी दे सके। कभी चूरन में लापरवाही नहीं हुई और कभी रोग होता भी मैंने उन्हें नहीं देखा है।

(क) पड़ोस के महानुभाव व्यक्ति के चूरन बेचने के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(i) उन्होंने बहुत-से घरों में काँच के बर्तन बेचे।

(ii) उन्होंने चूरन बेचने का कार्य एक दिन छोड़कर शुरू किया।

(iii) वे अपने काम को कभी छोटा नहीं समझते थे।

(iv) उनका चूरन अधिक बिकता था, इसलिए वे दुःखी रहते थे।

(ख) बच्चों को चूरन मुफ्त बाँटने के विचार से संबंधित कौन-सी बात सही है ?

(i) ऐसा करने से उनकी मुफ्तखोरी की आदत नहीं बढ़ेगी

(ii) बच्चों को कभी भी चूरन से बीमारी नहीं हुई होगी

(iii) मुफ्त बाँटने पर शायद ही उनका उत्पाद बिक पाए

(iv) सद्भावना देने पर वे खुश होंगे

(ग) चूरन शीघ्र बिक जाने का क्या कारण था?

(i) चूरन बेचने वाले की जान पहचान

(ii) चूरन की गुणवत्ता

(iii) चूरन के मूल्य का कम होना

(iv) चूरन की माँग

(घ) चूरन खरीदने वालों की उत्सुकता का क्या कारण बताया गया है ?

(i) भगत जी के प्रति उनकी सद्भावना

(ii) भगत जी की बालकों को मुफ्त में चूरन बाँटने की प्रवृत्ति

(iii) भगत जी का व्यापारी स्वभाव

(iv) भगत जी का अधिक पुराना व्यापारी होना

प्र010 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए– **(3X1=3)**

(क) काले मेघा पानी दे' पाठ में मेंढक-मंडली पर लोगों द्वारा सहेजे गए पानी को फेंकने को पानी की निर्मम बर्बादी क्यों कहा गया है ? समझाकर लिखिए।

(ख) 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर लिखिए कि प्राचीन लोक कलाएँ क्यों लुप्त हो रही हैं? इन्हें पुनर्जीवित रखने के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?

प्र011 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए– (2X2=4)

(क) 'भक्तिन' पाठ के आधार पर पंचायत द्वारा किए गए अन्याय पर टिप्पणी कीजिए।

(ख) जीजी ने इंदर सेना पर पानी फेंके जाने को किस तरह सही ठहराया ? काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) लुट्टन किसे अपना गुरु मानता था और क्यों ? पहलवान की ढोलक' पाठ के संदर्भ में लिखिए।

पूरक पाठ्यपुस्तक वितान भाग 2

प्र012 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न के लगभग 80 शब्दों में उत्तर दीजिए– (4X1=4)

(क) यशोधर बाबू के प्रति बच्चों का व्यवहार उचित था या नहीं ? इस संबंध में आज की युवा पीढ़ी में बदलते जीवन मूल्यों पर अपने विचार लिखिए।

(ख) यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल होती है, लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं। ऐसा क्यों ? 'सिल्वर वैडिंग' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

——000——